मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 178 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

13 दिसंबर 2023 बुधवार

आज का मौसम

25 अधिकतम

14 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7




## शपथ के साक्षी रहे कई राज्यों के मुख्यमंत्री

मप्र में मोहन यादव की बतौर सीएम शपथ के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल,उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदें,डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी,संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी मौजूद थे।शपथ के मंच पर मप्र के निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया,नरेंद्र सिंह तोमर,प्रहलाद पटेल,नरोत्तम मिश्रा आदि मौजूद थे।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजदूगी में हुआ कार्यक्रम**

# मप्र में भाजपा शासन का नया दौर शुरू मोहन यादव ने सीएम पद की शपथ ली


**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र में आज से भाजपा सरकार का नया दौर शुरू हो गया। मुख्यमंत्री के तौर पर डा मोहन यादव ने शपथ ली, वहीं उपमुख्यमंत्री पद पर जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शपथ दिलाई। शपथ समारोह महज बारह मिनट में खत्म हो गया और इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी रायपुर रवाना हो गए,जहां वे छत्तीसगढ के नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ समारोह में शिरकत करेंगे।

अब सरकार का स्वरूप कैसा होगा और मुख्यमंत्री के रूप में डा. मोहन यादव अपनी कैबिनेट में किन और सहयोगियों को शामिल करते हैं,यह कुछ दिन बाद सामने आ पायेगा। इससे पहले कांग्रेस सरकार में भी सुभाष यादव व जमुनादेवी उपमुख्यमंत्री रही हैं।

जानकार सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व इस बारे में मप्र के सीएम व अन्य नेताओं की राय के बाद अंतिम फैसला लेगा। इससे पहले भी जब भाजपा 2020 में कांग्रेस सरकार गिरने का बाद सत्ता में आई थी,तब पांच मंत्री केंद्रीय हाइकमान की हरी झंडी के बाद बने थे। इस बार यादव कैबिनेट में नये चेहरों की अधिकता रहने की संभावना सीएम व डिप्टी सीएम चयन के बाद ही मजबूत हो चली है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने जिस तरह मप्र की ही तरह छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सर्वथा नए चेहरों को सरकार की कमान सौंपी है। मप्र मंत्रिमंडल में संघ के करीबी नेताओं के अलावा जातिगत व क्षेत्रीय समीकरणों का ख्याल रखने के साथ कुछ महिला विधायकों को भी जगह मिल सकती है। सूत्रों का कहना है कि यादव कैबिनेट का गठन जल्द भी किया जा सकता है,क्योंकि 16 दिसंबर से मलमास शुरू हो रहा है,इसमें नये या शुभ काम नहीं करने की परंपरा है।

### डॉ. यादव अब सीएम



### दो डिप्टी सीएम





### दिग्गजों पर असंमजस



भाजपा के दिग्गज नेताओं में शामिल राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, रीति पाठक,उदयप्रताप सिंह के बारे में भी जल्द निर्णय होगा। यह सभी सांसद पद से इस्तीफा देने के बाद मप्र में विधायक बने हैं। माना जा रहा है कि सभी को मंत्री नहीं बनाया जाएगा। इनके अलावा मप्र के ही सीनियर विधायक व मंत्री रहे गोपाल भार्गव,जयंत मलैया,भूपेंद्र सिंह आदि की भावी भूमिका के बारे में भी कई तरह के कयास हैं।

### शिवराज ने ली विदा, कहा -जस की तस धर दीन्हीं चदरिया



आज मोहन यादव की शपथ ग्रहण के साथ ही शिवराज सिंह चौहान अब भूतपूर्व हो गए। अब वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे। हालांकि 2018 के चुनाव परिणाम के बाद भी वे लगभग पंद्रह महीने इसी भूमिका में रहे थे तथा 2020 में फिर मुख्यमंत्री बने थे। शिवराज ने अपने लगभग 16 वर्ष के कार्यकाल को संतुष्टिपूर्ण बताते हुए नए मुख्यमंत्री को आज फिर शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि वह प्रदेश की समृद्धि और विकास को और जनता के कल्याण को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। शिवराज ने बुधवार सुबह अपने नित्य कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करने के बाद कहा- शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पधार रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का हृदय से स्वागत करता हूं। इसके साथ ही मैं सभी मित्रों से कहना चाहता हूं कि अब विदा... ! जस की तस रख दीन्ही चदरिया।

**जारी रहेगा मिशन:** कल ही शिवराज ने मीडिया से कहा था कि मेरी भूमिका भाजपा के एक कार्यकर्ता की है। भाजपा मेरे लिए एक मिशन है, उसमें हर कार्यकर्ता के लिए कोई ना कोई कार्य है। जो भी पार्टी काम देगी, वो मैं करूंगा। दरिद्र नारायण की सेवा का मेरा मिशन चलता रहेगा। मेरा जनता से मामा का रिश्ता प्यार का है। भैया का रिश्ता विश्वास का है। ये रिश्ते मैं टूटने नहीं दूंगा। पार्टी ने सब कुछ दिया है, अब लौटाने की बारी मेरी है।

## सुरक्षा में बड़ी चूक, लोकसभा में कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से कूदे दो युवक

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में आज बड़ी चूक का मामला सामने आया, वह भी संसद पर हमले की वर्सी के दिन। दो युवक लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सदन में घुस गए और ये दोनों शख्स दर्शक दीर्घा से नीचे संदन में कूद गये। इन्हें सांसदों ने पकड़ लिया और सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया. लोकसभा की कार्यवाही को 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया इसे लेकर जबर्दस्त हंगामा मचा हुआ है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, दो युवक दर्शक गैलरी से कूदे और उनके द्वारा कुछ फेंका गया, जिससे गैस



निकल रही थी. उन्हें सांसदों ने पकड़ लिया, सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बाहर निकाला. सदन दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया. यह निश्चित रूप से एक सुरक्षा उल्लंघन है क्योंकि आज हम उन लोगों की पुण्य तिथि मना रहे हैं, जिन्होंने 2001 में अपने प्राणों की आहुति दी थी।

## पीएम मोदी के खिलाफ लिखा लेख, राऊत पर दर्ज राजद्रोह का केस

**मुबंई , एजेंसी।**

यवतमाल पुलिस ने शिवसेना नेता संजय राउत के खिलाफ देशद्रोह और अन्य अपराधों के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। राउत पर शिवसेना के मुखपत्र सामना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक लेख लिखने का आरोप लगाया गया है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करने पर राउत ने कहा, 'हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान करते हैं मगर कुछ दिन पहले गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर टिप्पणी की थी। क्या उनके खिलाफ मामला दर्ज



किया गया? हमारे देश में लोकतंत्र है और कई नेता बयान देते हैं। अगर लोग इसपर मामला दर्ज करने लगे तो उन्हें यह कहने का अधिकार नहीं है कि उन्होंने आपातकाल के लिए लड़ाई लड़ी है।' राउत सामना के संपादक भी है। पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 505बी और 124ए के तहत मामला दर्ज किया है।

## एक झटके में 36 हजार लिंक्स ब्लाक

**केंद्र सरकार की सख्त कार्रवाई, एक्स को झटका**



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

सोशल मीडिया और वेब को लेकर सरकार लगातार कड़े कदम उठाती रही है,ताजा हालातों में जब साइबर क्राइम एक बड़ा मुद्दा बन गया है तो हाल ही में भारत सरकार ने फिर बड़ा कदम उठाते हुए 36 हजार से ज्यादा लिंक्स को एक झटके में ब्लॉक कर दिया है। दरअसल ये कार्रवाई सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए की गई है। ऐसी पोस्ट की पहले पहचान की गई और इसके बाद इस पर कठोर कार्रवाई करते हुए ये कदम उठाया गया है।

मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी की तरफ सोशल मीडिया कंपनी के 36,838 URL को हटाने का आदेश दिया गया है। ये पोस्ट 2018 से लेकर अक्टूबर 2023 के दौरान किए गए थे।

### यूट्यूब पर भी सख्त:

इससे पहले यूट्यूब पर ऐसी ही कार्रवाई की गई थी। इसी साल सरकार ने बताया था कि अब तक 4,999 यूट्यूब लिंक्स रिमूव किए गए हैं। सरकार की इस कार्रवाई के बाद खबरों का सिलसिला शुरू हो गया था। इस कार्रवाई में वीडियो और यहां तक कि चैनल तक भी हटा दिए गए थे। ऐसे में अब सोशल मीडिया पोस्ट पर कार्रवाई की गई है।

अब इस पर कार्रवाई करते हुए ये फैसला लिया गया है। आईटी मिनिस्टर राजीव चंद्रशेखर ने संसद में इस मामले पर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा लिक्स 'X' से संबंधित हैं। ये कोई पहली बार नहीं है जब इस प्रकार की कोई कार्रवाई की गई है।

### स्मृति ईरानी के खिलाफ कंटेंट हटा

गूगल ने एक सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट को बताया था कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट करने वाली वेबसाइट्स पर कार्रवाई की थी। गूगल ने ऐसी साइट्स को ब्लॉक कर दिया था। उन्होंने ईरानी से ऐसी वेबसाइट्स के लिंक्स भी मांगे थे। अगर वह ऐसे लिंक्स देती हैं तो वह ऐसे कंटेंट को तुरंत बंद कर देंगे। यानी सरकार के पास पूरा अधिकार है कि वह आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट करने वाली वेबसाइट्स को खिलाफ कार्रवाई कर सकती है।

**लोकसभा चुनाव में दिग्गजों को उतारने की योजना**

**हार गए तो अब जीतो, जीते हो तो फिर लडो का फार्मूला**

# भाजपा-प्रयोग दोहराने के आधार ढूंढ रही कांग्रेस

**आशीष दुबे, भोपाल।**

मप्र समेत राजस्थान व छत्तीसगढ़ में सांसदों को चुनाव लड़ाने के प्रयोग को कांग्रेस लोकसभा चुनाव में आजमा सकती है, हालांकि उसका 'मॉडल' थोड़ा अलग होगा, लेकिन लब्बोलुबाब यही होगा कि क्षत्रप अपना वजूद व वर्चस्व साबित करें। हिंदी पट्टी के इन तीनों राज्य में भाजपा ने अपने सांसदों व अन्य प्रभावी नेताओं को मैदान में उतारकर कांग्रेस की अंचलवार घेराबंदी कर दी थी,जिसे कांग्रेस अंत तक समझ नहीं सकी। जानकार सूत्र बताते हैं कि हाल में विधानसभा चुनाव हारने और जीतने वाले नेताओं समेत राज्यसभा सदस्य व कांग्रेस से जुड़े कुछ बड़े चेहरों व राष्ट्रीय पदाधिकारियों को भी मैदान में उतारने की योजना पर काम हो रहा










है। खास बात यह है कि इस प्रयोग में जान फूंकने के लिये खुद पार्टी चीफ मल्लिकार्जुन खरगे भी कर्नाटक से मैदान में उतर सकते हैं। इस प्रयोग की जद में मप्र भी निश्चित तौर पर होगा,एक सूत्र की मानें तो मप्र में करारी हार के बाद यहां की स्थितियों पर पार्टी हाइकमान की खास नजर है और प्रभारी महासचिव,सचिव व अन्य माध्यमों से यहां की मौजूदा स्थितियों व भावी संभावनाओं पर जानकारी जुटाई जा रही है। इसके तहत कमलनाथ को भी चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है, वहीं अनुभवी व सक्षम नेता अजय सिंह, गोविंद सिंह,रामनिवास रावत,जीतू पटवारी, सज्जन वर्मा, कमलेश्वर पटेल, कांतिलाल भूरिया आदि को भी चुनाव लड़ने को कहा जाएगा। पिछला चुनाव हारे कई नेता भी फिर मोर्चे पर होंगे, दिग्विजय सिंह को फिर आजमाया जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि मप्र में कांग्रेस अपने अंचलों में प्रभावी नेताओं को टिकट देकर माहौल तैयार करना चाहती है। पिछले चुनाव में एक ही सीट उसे मिली थी।

दरअसल आगामी 19 दिसंबर को कांग्रेस व विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की बैठक होने वाली है। इसमें सीट शेयरिंग के मामले में भी चर्चा होना है। वह चुनाव में ज्यादा सीटों पर लड़ने का दावा करना चाहती है, क्योंकि हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में हालिया हार के बाद कई सहयोगी दल उसे कम 'तौल' सकते हैं, इसलिये कांग्रेस मप्र समेत सभी राज्यों में कम से कम दो सौ सीटों पर बेहद मजबूत उम्मीदवार उतारने का खाका बना रही है।

### विधायकों से रायशुमारी के पहले नाथ ने भोपाल छोड़ा

14 दिसंबर को कांग्रेस के विधायकों का मन टटोलने आ रहे 'पर्यवेक्षक' रणदीप सिंह सुजरेवाला व जितेंद्र सिंह संगठन की नई रचना के लिये सुझाव लेने का प्रयास करेंगे, बताया जाता है कि मुख्य तौर पर नेता प्रतिपक्ष के लिये रायशुमारी कराई जाएगी और आने वाले समय में संगठन के कामकाज पर भी सुझाव लिये जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष की रेस में रामनिवास रावत, अजय सिंह के नाम ऊपर हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ रायशुमारी के दौरान भोपाल में नहीं रहेंगे, वे कल ही भोपाल से छिंदवाड़ा रवाना हो गए, वे दो तीन दिन वहां रुकने के बाद दिल्ली चले जाएंगे व संभवत 25 दिसंबर के बाद लौटेंगे। सूत्रों का कहना है कि खरगे और राहुल गांधी के निर्देश पर यह कवायद हो रही है। राहुल ने अपनी विदेश यात्रा टालकर बीते पांच दिनों से पार्टी की मौजूदा स्थिति पर विचार मंथन का सिलसिला चला रखा है। मप्र में हार को लेकर हाइकमान बेहद नाराज बताया जा रहा है।

**कल नेता का चयन**

### एक साल से तैयार है ओटी, मगर अमला नहीं

# प्रबंधन व महकमे के बीच तनातनी में झुलस रहा हमीदिया का बर्न यूनिट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हमीदिया अस्पताल के नए आपरेशन थिएटर को बने एक साल से ज्यादा हो गया है, लेकिन अब तक इसकी शुरूआत का इंतजार ही किया जा रहा है। इस ओटी को शुरू करने के लिए स्टाफ की कमी बाधक बन रही है। अब चिकित्सा शिक्षा विभाग और अस्पताल प्रबंधन भी आमने-सामने हो गए हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग का कहना है कि ओटी के लिए जरूरी स्टाफ की जानकारी अस्पताल प्रबंधन को दे दी है। वहीं प्रबंधन का तर्क है कि विभाग ने सिर्फ निचला स्टाफ मांगा था, जो उन्हें मुहैया करा दिया गया है। खबरों के मुताबिक करीब एक साल पहले लिखे गए पत्र में 12 पैरामेडिकल स्टाफ, 12 नर्सिंग स्टाफ, 4 मेडिकल आफिसर, एक सर्जन, 2 एनेस्थेटिस्ट और एक डाटा एंट्री आपरेटर की मांग की थी। बावजूद हमीदिया अस्पताल प्रबंधन की ओर से सिर्फ एक ओटी टेक्नीशियन ही दिया गया है।



दूसरी तरफ इस खींचतान का असर मरीजों पर पड़ रहा है। आग से झुलसकर यहां इलाज के लिये आने वाले मरीजों की सर्जरी और ड्रेसिंग पुरानी ओटी में हो रही है। इससे संक्रमण का खतरा भी है। बताया जाता है कि इस यूनिट को अपग्रेड करने केंद्र सरकार से 2.25 करोड़ रूपया भी मिला है। यूनिट अपग्रेड होने के बाद भी कभी बिजली बैकअप तो कभी सेंट्रल एसी (एयर कंडीशनर) की परेशानी से यूनिट के इस हिस्से का उपयोग नहीं हो पाया। हालांकि अस्पताल अधीक्षक आशीष गोहिया का कहना है कि बर्न यूनिट के लिए निचला स्टाफ मांगा गया था, जो उन्हें दे दिया गया है।

## राजधानी में ठंड का कहर, लोगों की बेबसी



भोपाल स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म के पार्किंग एरिया में ठंड के मौसम में लोग इस तरह सड़कों पर रात बिताने को मजबूर हुए।

### कई क्षेत्रों में बदहाल सड़कों व आधे अधूरे निर्माण से बढ़ रही परेशानी

# सड़कें खस्ताहाल, बढा रही हैं वायु प्रदूषण का खतरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मावठे की बारिश के कारण वायु प्रदूषण में गिरावट आई थी जो फिर से बढ़ने लगी है। यह खतरा आने वाले दिनों में और बढ़ेगा। इसकी मुख्य वजह खराब सड़कों को ठीक नहीं करना है। राजधानी में सबसे ज्यादा खराब स्थिति गणेश मंदिर से डीबी माल तक की मुख्य सड़क की है यहां जीजी फ्लाईओवर और मेट्रो का काम लगभग पूरा हो गया है तब भी सड़क को ठीक नहीं किया जा रहा है। धूल फैल रही है, पानी का छिंड़काव तक नहीं किया जा रहा है जिसके कारण स्थितियां खराब है।

ऐसे ही कोलार क्षेत्र में निर्माणाधीन सिक्सलेन की हालत खराब है यहां फैलने वाली धूल डेढ़ से दो किलोमीटर दूर तक असर दिखा रही है। रहवासी परेशान है। इसके अलावा भी शहर में सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है, हर तरफ गिट्टियां फैल रही है, जो वाहनों के दौड़ने के साथ ही वातावरण में फैल रही है। उधर वाहनों का दबाव बढ़ता ही जा रहा है, जिसका धुआं अलग वायु प्रदूषण को बढ़ावा दे रहा है।





### अभी इन शहरों में बढ़ रहा वायु प्रदूषण

भोपाल और ग्वालियर में तेजी से वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ रहा हैं। वहीं जबलपुर, उज्जैन, सिंगरौली और इंदौर में भी कम हुआ प्रदूषण बढ़ने लगा है। जबकि बाकी के शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 50 से 100 के बीच है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिकों के मुताबिक जैसे ही हवा में प्रदूषित कणों का स्तर बढ़ता है वैसे यह इंडेक्स भी बढ़ने लगता है लेकिन जब यह 50 तक या उससे आसपास होता है तो हवा की स्थिति आदर्श मानी जाती है।

### कार्य स्थल पर ही नौनिहालों की देखरेख की होगी व्यवस्था

# प्रमुख सचिव रश्मि शमी ने किया डे-केयर सेंटर आंचल का शुभांरभ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य शिक्षा केन्द्र में स्थापित डे-केयर सेंटर ऑचल कक्ष का उद्घाटन स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरूण शमी ने किया। इस दौरान उन्होने कहा कि कार्य स्थल पर ही नौनिहालों की देखरेख की व्यवस्था हो तो कामकाजी माताओं की कार्य क्षमता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वहीं माताओं के सामीप्य से बच्चों का सहज विकास भी होता है। इस अवसर पर अपर मिशन संचालक आर. उमा महेश्वरी, उप सचिवप्रमोद सिंह, अपर संचालक शितांशु शुक्ला और सेंटर की निर्माण समन्वयक सहायक संचालक डॉ. मीताली सरियाम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे।



### 5 वर्ष तक के बच्चों की पूरी व्यवस्थाएं

कार्यालय में कार्यरत महिलाओं को अपने छोटे बच्चों के लालन-पालन के लिए डे केयर सेंटर की स्थापना का विचार आज ऑचल कक्ष के रूप में साकार हुआ है। इस केन्द्र में कार्यालय में कार्यरत महिलाओं के 5 वर्ष तक के बच्चों की कार्यालयीन समय में देखरेख की संपूर्ण व्यवस्थाएं की गई हैं। केन्द्र में बच्चों के लिए रुचिकर खेल-खिलौनों, प्रारंभिक शैक्षिक सामग्री के साथ ही मदर्स फीडिंग ऐरिया, बाल उपयोगी वाश रूम और प्रशिक्षित स्टाफ के साथ ही अन्य बालोपयोगी सामग्री की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

# राजधानी में सबसे ठंडी रात अभी और बढ़ेगी सिहरन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लगातार सर्द हवाएं चलने से शहर में ठंड बढ़ गई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। रात के तापमान में और भी गिरावट होने के आसार हैं। उधर बीती रात सबसे कम 7.2 डिग्री सेल्सियस तापमान राजगढ़ में दर्ज किया गया। वहीं भोपाल में भी न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान रहा। वहीं हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा 8.8 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

बताया जाता है कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली के कमजोर रहने के कारण इसका मप्र के मौसम पर विशेष असर नहीं हो रहा है। हवा का रुख भी उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। इस वजह से तापमान में गिरावट होने लगी है। विक्षोभ काफी कमजोर है। उसके बुधवार रात तक आगे बढ़ जाने की भी संभावना है। वहीं उत्तर भारत में मौसम काफी ठंडा हो गया है। वर्तमान में हवाओं का रुख भी उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। उत्तर भारत की तरफ से लगातार आ रही सर्द हवाओं के कारण प्रदेश में सिहरन बढ़ने लगी है। तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। इस दौरान रात के तापमान में और गिरावट हो सकती है।

# प्राकृतिक चिकित्सा मे साधक सीख रहे हमेशा स्वस्थ रहने की कला

### आरोग्य केन्द्र में दस दिनी शिविर शुरू

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला में दस दिवसीय शिविर मंगलवार से शुरू हुआ, जिसमें देश के विभिन्न शहरों से आए साधक स्वस्थ रहने की कला सीखने आए हैं। शिविर में अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से उपचार किया जाएगा।योग, उपवास एवं अपक्व आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी। शिविर के पहले दिन पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलाब राय टेवानी ने शिविर को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य है प्राकृतिक चिकित्सा से पूरी तरह स्वस्थ रहने की कला सिखाना है। शिविर में आप



दिनचर्या व उपवास से स्वास्थ्य जीवन के गुर सीखेंगे।

शिविर में शरीर शुद्धिकरण के साथ-साथ विचारों का भी शुद्धिकरण होता है, हमें हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए कि हम स्वस्थ है और हमेशा स्वस्थ रहेंगें, यदि हम ऐसे सकारात्मक विचार रखते हैं तो हम कभी भी बीमार महसूस नहीं करेंगें।

शिविर में प्राकृतिक चिकित्सकों एवं व्याख्यान कर्ताओं द्वारा अलग-अलग विषयों पर सुबह शाम व्याख्यान दिए जाएंगे। साधकों की शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा।

# 19 को आईटीआई गोविंदपुरा में रोजगार मेला

**भोपाल।** राजधानी के गोविंदपुरा स्थित शासकीय संभागीय आईटीआई में 19 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे से रोजगार मेला लगाया जाएगा। आईटीआई उत्तीर्ण व्यवसाय फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इन्स्ट्रूमेंट मेकेनिक वर्ष 2022 एवं 2023 के उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए आईटीसी कम्पनी लिमिटेड बडीयाखेडी इंडस्ट्रियल एरिया सीहोर का प्लेसमेंट ड्राईव आयोजित किया गया है। शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भोपाल के प्राचार्य श्रीकांत गोलाईत ने बताया कि नियुक्ति नियमित आधार पर 14 हजार 521 रूपए प्रतिमाह वेतन एवं रियायती दर पर भोजन एवं परिवहन व्यवस्था उपलब्ध की जाएगी। प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए दस्तावेजों सहित इच्छुक अभ्यर्थी उपस्थित हो सकते है।

### एक जनवरी को संतनगर में दौड़ेंगी नाव

# बोट रेस के लिए स्थल निरीक्षण किया विधायक शर्मा ने



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

एक जनवरी 2024 को होने वाली विधायक वोट रेस स्थल का निरीक्षण विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। बोट रेस के अध्यक्ष रामू केवट द्वारा बताया गया बीते चार सालों से विराट श्री मानव सेवा संस्थान द्वारा बेहटा गांव के पुराने विसर्जन घाट पर विधायक बोट रेस कराई जाती है, जिसमें 24 टीमें भाग लेती हैं। निरीक्षण के दौरान संरक्षक बोट रेस भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष राम बंसल जी, सूरज यादव, उमेश नागर, चंदू भैया, एवं भाजपा कार्यकर्ता एवं माझी समाज के लोग मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक हुई

# देश को भरोसा है मोदी की गारंटी पर - रामेश्वर

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन पहुंचाने देश में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' निकाली जा रही है, जिसके माध्यम केन्द्र सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि तय समय सीमा के अंदर सरकार की सभी जनहितैषी योजनाओं का देश के शत-प्रतिशत लक्षित समूह को पहुंचे।

यात्रा को लेकर मंगलवार को हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनों को निर्देश देते हुए यात्रा से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आमजन को जोड़ने की बात कही।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, एसडीएम आशुतोष शर्मा, एसडीएम कोलार आशुतोष गोस्वामी, सीईओ जनपद शंकर पाँसे सहित हुजूर विधानसभा क्षेत्र के जनपद ज़िला पंचायत एवं विभिन्न पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। ये योजनाएं सीधे तौर पर देश के उन लोगों को फायदा पहुंचा रहीं हैं जो वर्षों तक उपेक्षित समझे गए। मोदी ने देश की चार बड़ी जातियों - गरीब, किसान, युवा और महिलाओं की उन्नति की गारण्टी दी है। देश का हर नागरिक जानता है कि मोदी जी की हर गारण्टी पूरी होने की भी गारण्टी होती है, इसलिए आज मोदी की हर गारण्टी पर देश को भरोसा है।




वर्ष-07, अंक - 178 दिनांक 13 दिसंबर 2023 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

## जनसुनवाई में आए आवेदनों का किया गया निराकरण



**नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अपर कलेक्टर नर्मदापुरम देवेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 60 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम




**नर्मदापुरम।** पर्यटन स्थल मढ़ई में महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना कार्यक्रम को जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं इंडियन ग्रामीण द्वारा महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना कार्यक्रम अंतर्गत महिला हिंसा विरोध दिवस पखवाड़ा अन्तर्गत जागरुकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिलाओ की सुरक्षा और उनके प्रति सम्मान का संदेश दिया गया और संदेशात्मक रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद से पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज से अर्चना दास एवं प्रशिक्षक ओर सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### यात्री बसों के किराए को लेकर आरटीओ ने कभी नहीं की चेकिंग

# रसूखदारों की चल रही हैं यात्री बसें इसीलिए नहीं होती कार्रवाई!

### सीएम हेल्पलाइन में भी दर्ज नहीं हो रही बस यात्रियों की शिकायतें

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अधिकांश गरीब व्यक्ति ही यात्री बसों में सफर करते हैं। साधन संपन्न व्यक्ति तो अपने साधनों से आते जाते हैं. इसलिए उन्हें गरीबों की पीड़ा की अनुभूति नहीं होती। गरीब मजदूर के लिए दस रुपये भी काफी महत्व रखते हैं. अधिकारी या नेताओं की तरह उनके पास कमाई तो होती नहीं है कि कोई जितने की भी डिमांड करें उतने पैसे पटक दिए।

गरीबों के साथ शोषण का मामला इन दिनों नर्मदा पुरम जिले सहित पूरे प्रदेश में दिखाई दे रहा है। जहां यात्री बसों में यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है और प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर आरटीओ तक शिकायत करने के बाद भी इन अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है।

शासन द्वारा सामान्य यात्री बसों में सवा रुपया प्रति किलोमीटर की दर से किराया निर्धारित किया गया है। लेकिन इन यात्री बसों द्वारा डेढ़ रुपए से लेकर दो रूपये प्रति किलोमीटर तक लिया जा रहा है। हैरत की बात तो यह है की यात्री बसों में किराया सूची भी चस्पा नहीं की गई है।



यात्रियों द्वारा की जाने वाली शिकायत पर भी परिवहन विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा।

प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री क्या ऐसी शिकायतें नहीं सुन सकते। गरीबों के हमदर्द कहे जाने वाले मंत्री प्रधानमंत्री मंचों से तो खूब भाषण देते रहते हैं कि यह गरीबों की सरकार है, गरीबों के हक में है, गरीबों को न्याय दिलाने के लिए है। यात्री बसों द्वारा यात्रियों के साथ इस तरह लूट करना क्या गरीबों को न्याय दिलाना है?

#### सीएम हेल्पलाइन भी शिकायत सुनने को तैयार नहीं

प्रदेश का परिवहन विभाग तो गरीब यात्रियों की बात को अनसुनी कर रहा है लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जारी सीएम हेल्पलाइन में भी यात्री की किराये को लेकर शिकायत दर्ज नहीं की जा रही। मध्य प्रदेश में जारी सीएम हेल्पलाईन में प्रदेशवासियों की शिकायतें दर्ज होती है और उनका निराकरण होता है। लेकिन यात्री बसों में लिया जा रहा मनमाने किराए को लेकर सीएम हेल्पलाइन भी शिकायत दर्ज करने को तैयार नहीं है। सीएम हेल्पलाइन कक्ष में बैठे कर्मचारियों का स्पष्ट कहना है कि यात्री बसों से संबंधित शिकायतें हमारे क्राइट एरिया में नहीं आती। क्या गरीब यात्रियों से यात्री बसों द्वारा मनमाना किराया लिया जा रहा है क्या यह उचित है।

## वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा



**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रायसेन जिले के समस्त नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतों में यात्राओं तथा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में आठ आईईसी वेन नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगीं। आईईसी वेन में उपलब्ध ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पम्पलेट, बुकलेट इत्यादि से सूचनाओं और जानकारियों को आमजन तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से जनपदवार बनाए गए रूट चार्ट की जानकारी लेते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी हो और जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री दुबे ने निर्देश दिए कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाएं की जाएं। साथ ही कार्यक्रम स्थलों पर महिला बाल विकास विभाग, बैंक, स्व-सहायता समूहों, कृषि, उद्यानिकी, जल जीवन मिशन आदि के स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए भी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। कार्यक्रम स्थलों पर तकनीकी सत्र भी आयोजित होंगे जिनमें कृषि कार्यो में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन, मिट्टी परीक्षण, प्राकृतिक और उन्नत खेती की जानकारी दी जाएगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी भी शामिल हुए।

# शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिये चिकित्सा शिक्षा में 5 फीसदी आरक्षण

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी को सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये स्वीकृत कुल सीट्स में से 5 प्रतिशत सीट्स आरक्षित की गई हैं। महिला अभ्यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत आरक्षण, दिव्यांग अभ्यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 5 प्रतिशत तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अभ्यर्थी और सैनिक अभ्यर्थी को केवल शासकीय महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये कुल सीट्स का 3-3 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। महिला, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सैनिक, दिव्यांग, अनिवासी भारतीय प्रवर्ग एवं शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हैं। इसी प्रकार जोड़े गये उप-नियम अनुसार शासकीय विद्यालय से अभिप्रेत है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों में ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने शासकीय विद्यालय में कक्षा-6 से 12 वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के माध्यम से प्रवेश के आधार पर कक्षा-1 से 8 तक निजी विद्यालयों में अध्ययन करने के बाद शासकीय विद्यालय में कक्षा-9 से 12वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण हो, को शामिल किया गया है। संशोधन नियमानुसार स्नातक पाठ्यक्रम (एमबीबीएस/बीडीएस) के लिये शासकीय विद्यालय विद्यार्थी प्रवर्ग से प्रवेश के लिये अभ्यर्थी को संबंधित विभाग के जिला शिक्षाधिकारी/जिला संयोजक/सहायक आयुक्त द्वारा जारी किये गये, इस आशय के प्रमाण-पत्र को मूल प्रति में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा कि अभ्यर्थी नियम-2 ब की अपेक्षा पूर्ण करता है।

## जनसुनवाई में आए आवेदनों का निराकरण करने के दिए निर्देश



**सीहोर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहर सहित जिल के दूर-दराज अंचलों से आए 22 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा ने प्रत्येक आवेदक से चर्चा कर अधिकारियों नेउनकी समस्याएं जानीऔर संबंधि तकार्यालय प्रमुखों को समय-सीमा मेंनिराकरण करने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारी उपस्थितथे।

**मेट्रो एंकर** | युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित

# नर्मदा कॉलेज में शिक्षा के साथ एक कदम आत्मनिर्भरता की ओर कार्यशाला

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**






नर्मदा कालेज के वाणिज्य विभाग में आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर पुणे से इनीशिएट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती भारती चौहान उपस्थित रहीं। उन्होंने केंद्र सरकार के पीपीपी मॉडल को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ ट्रेनिंग के माध्यम से आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर बल दिया। विभागाध्यक्ष डॉ एस सी हर्ने ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की सबसे बड़ी आबादी युवाओं की है, यदि युवाओं में कौशल होगा तो उन्हें रोजगार की राह आसान होगी। इनीशिएट इंडिया कार्यक्रम को विस्तार देते हुए श्रीमती भारती चौहान ने बताया कि उनका लक्ष्य अगले वर्ष तक 30000 युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का है, जो कि प्रधानमंत्री रोजगार योजना और पीपीपी मॉडल को आधार बनाकर किया जाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ने के लिए एक ट्रेनिंग, जो कि 3 माह की होगी, करना होगी। ट्रेनिंग के दौरान ही छात्रों को रू.15000 प्रति माह का स्टॉय फंड मिलेगा और उसके बाद उन्हें जॉब में प्रमोट कर दिया जाएगा । इस ट्रेनिंग की विशेषता यह होगी कि यह ऑनलाइन होगी और इसलिए यह छात्रों के लिए बहुत ही उपयोगी है।

#### एटीट्यूड टेस्ट और साक्षात्कार देन रू.1000 फीस

ऑनलाइन ट्रेनिंग में सफल होने के लिए विद्यार्थियों को एटीट्यूड टेस्ट और साक्षात्कार देन रू.1000 फीस है जो की असफल होने पर वापस कर दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि आजकल प्रत्येक कंपनी ई गवर्नमेंट और इआरपी मॉडल को फॉलो कर रही है इसलिए सभी विद्यार्थी अपने आप को इस हेतु तैयार रखें और अवसरों का लाभ उठाएं। डॉ मीना कीर ने संबोधित करते हुए बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ ट्रेनिंग करके आय कमाना एक बहुत ही स्वर्णिम अवसर है और विद्यार्थियों को भविष्य में इस ट्रेनिंग के माध्यम से आत्म निर्भर बनने और किसी भी कंपनी में जॉब करने के अनेक अवसर प्राप्त हो सकते हैं।कार्यक्रम में डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे, डॉ केशव मिश्रा, डॉ मालती पटेल, डॉ रोशनी थापक ,डॉ नीता वर्मा, श्रीमती रीना सक्सेना, उमेश सेन, एस के झा और अत्यधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।









## शपथ समारोह की झलकियां










### नए मंत्रियों के लिए इंतजार करते रहे वाहन

# स्टेट गैरेज ने तैयार किये 20 वाहन, 14 और खरीदे जाएंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में आज नये मुख्यमंत्री की शपथ के साथ ही अब नया मंत्रिमंडल भी जल्द आकार लेगा। इसके लिये गृह विभाग ने 20 वाहन भी तैयार कर रखे हैं। ये सभी इनोवा क्रिस्टा वाहन हैं। जबकि 14 और यही गाड़ियां खरीदने का प्रस्ताव भी तेजी से चल रहा है। यदि नए वाहनों की खरीदी नहीं हो पाती है तो 20 के अतिरिक्त मंत्रियों को फिलहाल एक से आठ साल के पुराने वाहनों में ही सफर करना पड़ेगा। कुछ तैयार वाहनों को आज शपथ समारोह स्थल के लिये भी तैयार रखा गया,ताकि यदि मंत्री शपथ लें तो यहां से उन्हें इन वाहनों में लाया जा सके।

बताया जाता है कि गृह विभाग ने 20 गाड़ियां पिछले वर्ष ही खरीदी थीं। सबसे पहले यही वाहन मंत्रियों को दिए जाएंगे। स्टेट गैराज के अधिकारियों का कहना है कि मंत्रियों को वाहन उपलब्ध कराने की पूरी तैयारी है। अभी यह तय नहीं है कि शुरुआत में कितने मंत्री बनेंगे, लेकिन पुरानी और नई सभी गाड़ियों को अच्छी तरह से दुरुस्त कराया गया है, जहां पर मंत्रियों का शपथ ग्रहण होगा, वहीं पर सरकारी वाहन उन्हें उपलब्ध कराए जाएंगे। मंत्रियों का वाहन एक लाख 10 हजार किमी चलने के बाद बदलने का नियम है। वर्ष 2023 के पहले वाले खरीदे गए वाहनों में एक सफारी और बाकी इनोवा क्रिस्टा हैं। बताया जाता है कि एक लाख किमी से अधिक चल जाने के बाद भी इन वाहनों की स्थिति अच्छी है, पर मंत्री नए वाहनों की मांग करते रहे हैं। पिछली सरकार में कुछ मंत्रियों ने इसके लिए नोटशीट भी लिखी थी।


फाइल फोटो

**मेट्रो एंकर** — प्रदेश में ढाई लाख से अधिक है संख्या

# आउटसोर्स कर्मचारी वेतन, भत्ते के लिए तरस रहे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी विभागों और सार्वजनिक, निगम, मंडलों में ढाई लाख आउटसोर्स कर्मचारी है, जो वेतन, सुविधा, और भत्ते के लिए परेशान हो रहे हैं लेकिन इनकी सुनवाई नहीं हो रही है। आवाज उठाने वाले कर्मचारियों को सीधे नौकरी से निकाला जा रहा है या फिर इन्हें निकाले जाने की चेतावनी दी जा रही है। कई विभागों में तो नियमित कर्मचारी बचे ही नहीं है, ऐसे विभागों और इनके कामों की पूरी जिम्मेदारी इन्हीं आउटसोर्स कर्मचारियों पर है और अधिकारी इन्हीं के भरोसे अपने लक्ष्य हासिल कर रहे हैं लेकिन इनके हितों की चिंता नहीं की जा रही है।


फाइल फोटो

इन विभाग और उपक्रमों में परेशान है आउटसोर्स कर्मचारी

**बिजली कंपनियां :** इनमें 35 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी है जो आए दिन वेतन, भत्ते बढ़ाने की मांग करते रहते हैं। इनमें से कुछ कर्मचारियों की तो जोखिम भरे काम करते हुए मौत भी हुई है।

**नवजात शिशु इकाईयां :** इन इकाईयों में पहले जो कर्मचारी करते थे वे संविदा आधार पर रखे गए थे बाद में इन्हें आउटसोर्स के भरोसे छोड़ दिया। किसी को 6 से तो किसी को हाथ में 8 हजार रुपये तक मिल रही है। ये कर्मचारी परेशान है और वापस संविदा पर रखे जाने की मांग कर रहे हैं।

**निकायों में:** प्रदेश के नगरीय निकायों और अन्य विभागों में भी कर्मचारियों को बड़ी संख्या में आउटसोर्स पर रखा गया है, जो मामूली वेतन पर आठ से 10 घंटे काम कर रहे हैं। ऐसे परेशान कर्मचारी कई बार आवाज उठा चुके हैं।

# बिजली कंपनी के मीटररीडर्स की सेवाएं समाप्त, 78 को नोटिस

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मीटर वाचकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुछ की सेवाएं समाप्त कर दी तो कुछ का वेतन काट दिया है। जबकि कुछ वाचकों को कार्य सुधारने के लिए चेतावनी दी है। विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार कंपनी ने अपने कार्यक्षेत्र में कार्यरत 18 मीटर वाचकों को ड्यूटी से अलग करने के साथ ही 127 मीटर वाचकों का वेतन काट दिया है। वहीं 78 मीटर वाचकों को कार्य में लापरवाही बरतने के चलते चेतावनी जारी की गई है। कंपनी ने बताया कि उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित मीटर की फोटो मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने और गलत मीटर रीडिंग लेने पर मीटर वाचकों पर सख्त कार्रवाई किये जाने के निर्देश जारी किए गए थे। इसी के चलते कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत राजग? में एक, भोपाल में छह, भिण्ड में एक, अशोक नगर में एक, ग्वालियर में पांच, नर्मदापुरम में एक, दतिया में एक, शिवपुरी में एक एवं बैतूल में एक आउटसोर्स मीटर वाचक को आदेशों का उल्लंघन और मीटर वाचन में ग?ब?ी के आरोप में सेवा से पृथक कर दिया गया है।

**काम में लापरवाही का मामला**

### एप से हो रही निगरानी

बताया जाता है कि कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं के परिसर पर सटीकता मीटर वाचन होना चाहिए और मीटर रीडिंग के आधार पर ही उपभोक्ताओं को विद्युत देयक दिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मीटर वाचकों के कार्य पर निष्ठा एप के द्वारा निगरानी रखी जाए और जो मीटर वाचक कर्तव्य पालन में लापरवाही बरत रहे हैं, उन्हें सेवा से पृथक किया जाए।



## सब्जी मंडी में एसडीएम ने खड़े होकर हटवाया अतिक्रमण

# प्रशासन की कार्रवाई रहेगी जारी पक्के अतिक्रमण भी तोड़े





सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विधायक के निर्देश पर सब्जी मंडी को व्यवस्थित रूप से करने और तथा साप्ताहिक हाट बाजार भी सब्जी मंडी में स्थानांतर किया गया है। इसलिए यहां पर अच्छी व्यवस्था हो उस उद्देश्य को लेकर यहां पर पत्र अतिक्रमण को हटाने की करवाई मंगलवार को एसडीएम ने स्वयं खड़े होकर करवाते हुए कच्चे पक्के अतिक्रमण को तुड़वाया । दोपहर 3 बजे के बाद एसडीएम हर्षल चौधरी नगर पालिका का तामजम अधिकारी कर्मचारी और पुलिस बल को लेकर अपनी कार्रवाई का अंजाम देने पहुंचे पहले अतिक्रमण धारी को चेतावनी भी जारी की इसके बाद भी किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो जेसीबी चलवा कर इसको तुड़वाने का काम किया क्योंकि यहां पर 5 से 7 लोगों ने पक्के निर्माण करके साहसी के पर अतिक्रमण कर रखा था उसको तोड़ने का काम किया गया इसमें एक तहसील कार्यालय में काम करने वाले ड्राइवर काव्य अतिक्रमण था उसने भी यहां पर पक्का निर्माण करके अतिक्रमण कर रखा था उसे पर भी जेसीबी चलाने की कार्रवाई नगर पालिका के द्वारा की गई इसके बाद अन्य लोगों के अतिक्रमण भी तोड़े गए साथी जितने भी सब्जी विक्रेताओं ने अस्थाई रूप से यहां पर अतिक्रमण कर रखा है उनको भी आर्थिक हटाने के लिए चेतावनी जारी करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संजीव यादव ने बताया कि हमने सभी व्यापारियों को अस्थाई रूप से किए गए अतिक्रमण हटाने के लिए सूचित किया है। यदि इसके बाद इन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो इसको नगर पालिका के द्वारा हटाया जाएगा इसमें प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वहीं एसडीएम हषर्ल चौधरी पूरे समय अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई में मौजूद रहे । इस दौरान पुलिस भी मौजूद थी इस वजह से किसी ने भी प्रशासन की कार्रवाई का विरोध नहीं। जिन दुकानदारों का सामान रखा हुआ है उनको सामान हटाने और अतिक्रमण हटाने के लिए एक दिन का समय दिया है इसके बाद भी नहीं हटाया गया तो उनके खिलाफ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रशासन के द्वारा की जाएगी। इसके अलावा तहसील रोड पर हो रहा है अतिक्रमण को भी हटाने की कार्रवाई बुधवार को जारी रहेगी इसके संबंध में नगर पालिका प्रशासन ने सभी अतिक्रमण धारी को 1 दिन का समय अतिक्रमण हटाने के लिए दिया है । इसका संबंध में नगर पालिका के द्वारा एलाउंसमेंट करते हुए अतिक्रमण अभियान के प्रभारी संजीव यादव ने सभी अतिक्रमण धारी को सूचित करते हुए कहा कि जिन लोगों ने भी शासकीय जगह पर अवैध रूप से अतिक्रमण करके प्रशासन की व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं। वह खुद अपना सामान हटा ले नहीं तो जेसीबी से उसको तोड़कर नगर पालिका जप्त करेगी साथ ही पॉलिटेक कॉलेज पर भी अतिक्रमण हो गया है यहां पर मोड है इसकी वजह से यहां पर यातायात बाधित होता है। ऐसे दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के संबंध में चेतावनी जाहिर की गई है। दो दिनों से नगर पालिका प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण मुक्त शहर के लिए अभियान प्रारंभ किया है । अब देखना है कि यह अभियान कितने दिनों तक निरंतर जारी रहेगा या फिर हर बार की तरह कार्रवाई के नाम पर ब्रेक लग जाएगा।

कार्रवाई के दौरान कई राजनीतिक लोग भी मौके पर पहुंचे जिन्होंने नपा प्रशासन पर आरोप प्रत्यारोप किए लेकिन अधिकारियों ने किसी की नहीं मानी। आम आदमी पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष रजत सक्सेना का आरोप है कि प्रशासन चुनिंदा लोगों के अतिक्रमण हटा रहा है जबकि भाजपा नेताओं को खुलेआम संरक्षण देता दिखाई दे रहा है। क्योंकि छतरी चौराया, मनसा पूरण मंदिर के पास बस स्टैंड सहित अन्य कहीं जगह पर भाजपा नेताओं के अवैध अतिक्रमण पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई इनके द्वारा नहीं की गई है, जो कि गलत है इन्हें पक्षपात पूर्ण कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। वही सब्जी व्यापारी आविद खान का आरोप है कि नपा प्रशासन ने बिना नोटिस दिए चंद लोगों का अतिक्रमण तो हटा दिया। जबकि इस कार्रवाई से पूर्व हमें किसी प्रकार का कोई नोटिस भी नहीं दिया गया। हम एकत्रित होकर वरिष्ठ अधिकारियों को इस पक्षपात पूर्ण कार्रवाई के विषय में अवगत कराएंगे।

### पक्षपात के लगाए आरोप

नगर पालिका प्रशासन ने अवैध अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जे पर कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। हलांकि कार्रवाई के दौरान कई लोगों ने पक्षपात के आरोप भी लगाए लेकिन प्रशासन ने किसी की एक न सुनी और अवैध अतिक्रमण को हटाकर शक्ति के साथ कार्रवाई की। नगर पालिका की कार्रवाई को देख शहर के लोगों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिल रही है क्योंकि 2 दिन से लगातार नपा अमला अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कठोर कार्रवाई कर रहा है मंगलवार को भी कार्रवाई जबरदस्त तरीके से देखने को मिली। सोमवार को नपा अधिकारियों ने जहां बस स्टैंड मंडी बायपास लिंक रोड पर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की थी तो वहीं मंगलवार को नई सब्जी मंडी में यह कार्रवाई देखने को मिली है जहां कई दुकानदारों ने शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया था कई लोगों ने तो हाट बाजार के दौरान शासकीय भूमि पर पक्के कब्जे भी कर लिए थे जिसे नपा अधिकारियों ने शक्ति के साथ हटाया।

### लगातार चलेगा अभियान होगी कार्रवाई -

नगर पालिका प्रभारी सीएमओ रामप्रकाश साहू का कहना है कि अवैध अतिक्रमण की मुहिम प्रारंभ कर दी गई है। नगर में जहां-जहां अवैध रूप से अतिक्रमण है उनको हटाया जाएगा। नगर के सभी चौक चौराहों पर अवैध रूप से हुए अतिक्रमण को मुक्त कराया जाएगा। हमारे द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले लोगों को एलाउंसमेंट एवं नोटिस के माध्यम से सूचना दे दी गई है। इसके बावजूद भी यदि लोगों ने अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया है तो उन पर शक्ति के साथ कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि शहर को साफ स्वच्छ रखने के लिए सभी की जिम्मेदारी है।

# ट्रैफिक पुलिस की चालानी कार्रवाई



**सिरोंज।** ट्रैफिक पुलिस के द्वारा यातायात विभाग के नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर चलानी कार्रवाई पिछले कुछ दिनों से निरंतर की जा रही है। मंगलवार को छाती नाके सहित अन्य स्थानों पर यातायात प्रभारी ने हेलमेट नहीं लगाने वाले सीटबेल्ट नहीं लगाने वाले बीमा आदि दस्तावेज नहीं मिलने पर वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की तो बाहन चालकों में हड़कंप में मच गया इस वजह से वाहन चालक कार्रवाई से बचने के लिए दूसरे रास्ते से जाते हुए भी नजर आए जो पकड़ में आ गया उसका चालान बनाने का काम किया ग बाजार में भी यातायात पुलिस के द्वारा वाहन चालकों की पर करवाई कि इन दोनों यातायात विभाग के द्वारा यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चलानी कार्रवाई की जा रही है। बाईपास पर खड़े होकर बड़े वाहनों की जांच करते हुए चालान काटे इस वजह से वाहन चालकों में डर का माहौल भी देखने को मिल रहा है। दूसरी ओर चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का उपयोग भी करने लगे हैं साथ ही दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहन कर जाते हुए नजर आए।।इसी उद्देश्य को लेकर अभियान प्रारंभ किया गया है।

# कचरे के ढेर आखिर कब होंगे खत्म



**सिरोंज।** एक तरफ स्वच्छता अभियान चलाया जाता है दूसरी ओर शहर में कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगाने का काम भी कुछ लोगों को द्वारा किया जा रहा है । इन कचरे के ढेरे को बंद करने का काम नगर पालिका प्रशासन के द्वारा आखिर क्यों नहीं किया जा रहा है । इनकी वजह से स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ा रही है फिर भी जिम्मेदारों के द्वारा धरतल पर ठोस कदम नहीं उठाया जा रहे हैं । इस वजह से सार्वजनिक स्थान पर स्थान पर कचरे के ढेर लगे होने के कारण आम जनता के साथ धार्मिक स्थलों पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी होती है। दूसरी ओर गंदगी के बदबू भी आती हैं गंदगी को मवेशी खा लेते इसके बाद मवेशियों में कई तरह की बीमारी भी पनप नहीं है क्योंकि वह पॉलिथीन भी कचरे के साथ खा जाते हैं। इसको लेकर कई बार नगर पालिका प्रशासन को आसपास के लोग शिकायत भी कर चुके हैं फिर भी इन कचरे के ढेर को लगने से रोकने के लिए धरातल पर जिम्मेदारियां के द्वारा किसी भी तरह के प्रयास नहीं किया जा रहे हैं। इस वजह से यहां पर कई घंटे तक कचरे पड़ा रहता है।

# किशोर सशक्तिकरण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



विदिशा, दोपहर मेट्रो

किशोर सशक्तिकरण जागरूकता के उद्देश्य से बाल विवाह रोकथाम और किशोर सशक्तिकरण हेतु जिले में जन जागरूकता के लिए आज कलेक्ट्रेट कार्यालय से किशोर सशक्तिकरण रथ को अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश गुप्ता एवं डिप्टी कलेक्टर श्री अवनीश मिश्रा समेत महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री भरत सिंह राजपूत और सहायक संचालक श्री विवेक शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। किशोर सशक्तिकरण जागरूकता रथ का उद्देश्य बाल संरक्षण , बाल विवाह रोकथाम और किशोर सशक्तिकरण हेतु जागरूकता फैलाना है। उक्त जागरूकता रथ 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक विदिशा जिले के सभी विकासखंडो में भ्रमण करेगा। यह रथ जागरूकता को लेकर विभिन्न तरह के संदेशों से युक्त पम्पलेट, बैनर और बाल संरक्षण और बाल विवाह रोकथाम से सम्बंधित गीतों एवं संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएगा।

जागरूकता रथ पहले दिन विदिशा शहरी क्षेत्रों में इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों भ्रमण करेगा। विदिशा में भ्रमण करने के बाद यह रथ गंज बासौदा, ग्यारसपुर, त्योंदा इत्यादि विकासखंडों में भ्रमण करेगा। उक्त कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ सहायक संचालक श्रीमती आकांशा मरावी, जिला समन्वयक श्री अरविन्द मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता श्री संतोष रघुवंशी सहित विभागीय अमला मौजूद रहा।

# जनसुनवाई में 36 आवेदन प्राप्त हुए



सिरोंज, दोपहर मेट्रो

कलेक्टर उमाशंकर के मार्गदर्शन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से मौके पर 16 आवेदनों का निराकरण किया गया है। कलेक्टेउ्ट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष में आवेदको द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी श्री विष्णु प्रसाद यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री अवनीश मिश्रा के अलावा विभागो के जिलाधिकारियों ने पंक्तिबद्ध रो में बैठकर आवेदकों से आवेदन प्राप्ति के उपरांत निराकरण की पहल की गई है।जनसुनवाई कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व संयुक्त कलेक्टर श्री यादव ने ऐसे आवेदन जो निराकृत नहीं हुए है उन संबंधित विभागो के जिलाधिकारियो को निर्देश दिए है कि समय सीमा में निराकृत कर की गई कार्यवाही का विवरण उत्तरा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराया जाए ताकि आवेदकगण भी निराकरण की पहल से अवगत हो सकें।

**मेट्रो एंकर** | जिले में एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों की संख्या लगभग दो लाख

# 15 दिसम्बर तक वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट जरूरी

विदिशा, दोपहर मेट्रो

मोटरयान नियमों के अनुसार समस्त प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाई जाना आवश्यक है। जिसके पालन में प्रदेश में पूर्व में लिंक उत्सव कम्पनी द्वारा वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने हेतु अधिकृत किया गया था परंतु सन् 2014 में उक्त कम्पनी का अनुबंध निरस्त कर दिया जाने के कारण प्रदेश में वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने का कार्य नहीं किया जा पा रहा था। केन्द्र सरकार द्वारा सन् 2019 में बनाये गये नियमों के अनुसार एक अप्रैल 2019 के उपरांत बेचे गए वाहनों में डीलर द्वारा ही तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा रहीं है।

जिला परिवहन अधिकारी श्री गिरजेश वर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग द्वारा जारी ओदश अनुसार एक अप्रैल 2019 के पूर्व विक्रित वाहनों में भी एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाये जाने हेतु संबंधित डीलरध्वाहन निर्माता को अधिकृत किया गया है। जिसके पालन में परिवहन विभाग द्वारा एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर एचएसआरपी लगाये जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिसके तहत वाहन स्वामी सियाम (सोसायटी आफ इण्डियन आटोमोबाइल्स मन्यूफैक्चरर्स) के पोर्टल पर ऑनलाइन अथवा संबंधित वाहन विक्रेता के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जहां पर वाहन की श्रेणी के अनुसार निर्धारित शुल्क रू.500 से रू.1000 तक ऑनलाइन ही जमा करना होगा तथा अपनी सुविधा के अनुसार एचएसआरपी लगवाने हेतु नजदीकी डीलर का चुनाव एवं समय प्राप्त करना होता है।



माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में समस्त वाहनों पर छह माह में अनिवार्य रूप से एचएसआरपी लगाये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जानी है। जिसके पालन में परिवहन आयुक्त द्वारा 15 दिसंबर 2023 के बाद वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लगे होने पर उनके विरूद्ध चालानी एवं दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया है।

विदिशा जिले में दिनांक एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों की संख्या लगभग दो लाख है जिनमें से मात्र 38248 वाहनों में ही एचएसआरपी लगाई गई है। चालानी एवं दण्डात्मक कार्यवाही तथा अंतिम समय में भीड़ से बचने के लिये जिले के समस्त वाहन स्वामियों से अनुरोध किया गया है कि जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगी है उनपर उपरोक्त प्रक्रिया का पालन कर अतिशीघ्र हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाया जाना सुनिश्चित करें।

### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी)

चोरी की बढ़ती घटनाओ के बीच पुलिस उन वाहनों को ट्रेस नहीं कर पाती है जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होती है, ऐसी घटनाओ को रोकने के लिए ही हाईकोर्ट के निर्देश पर परिवहन विभाग ने 2019 के पहले के सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य कर दिया है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट यानी (एचएसआरपी) वाहनों की चोरी दुर्घटना के वक्त सुरक्षा-पहचान की पुष्टि करती है और साथ ही बाहरी राज्यों में वाहन चालकों को पुलिस के चालान से भी बचाती है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एलुमिनियम से बना होता है जिस पर क्रोमियम का एक होलोग्राम स्टीकर की तरह दिखाई देता है जिस के अंदर वाहन की सारी जानकारी होती है साथ ही चोर इस नंबर प्लेट की कॉपी नहीं कर सकते हैं।




# विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वालों में शुभमन गिल, रचिन और अल्काराज शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्च इंजन के महारथी गूगल ने साल 2023 में विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले एथलीट्स की अपनी लिस्ट का खुलासा कर दिया है। इस साल कुछ बड़े स्पोर्ट्स स्टार ने सुर्खियां बटोरीं, जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अल नस्र और लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी में शामिल होकर दुनिया भर को चौंका दिया। हालांकि, जब विश्व स्तर पर सबसे अधिक खोजे गए एथलीटों की सूची की बात आती है तो दोनों शीर्ष 10 में नहीं हैं, जो कि आश्चर्यजनक है। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा भी इस सूची से अनुपस्थित हैं। हालांकि, एक भारतीय क्रिकेटर शीर्ष 10 में जगह बनाने में कामयाब रहा है।



**शुभमन गिल**

यह क्रिकेटर कोई और नहीं बल्कि भारत के उभरते हुए स्टार शुभमन गिल हैं। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज के लिए साल 2023 शानदार रहा। उन्होंने तीनों प्रारूपों में भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की। साथ ही तीनों ही फॉर्मेट में शतक जड़े। शुभमन को भविष्य के स्टार के रूप में देखा जा रहा है। उनके प्रदर्शन ने 2023 में सभी प्रारूपों में टीम इंडिया की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शुभमन साल 2023 में गूगल पर सबसे ज्यादा खोजे गए एथलीट्स की सूची में नौवें स्थान पर हैं।

**रचिन रवींद्र**



हालांकि, शुभमन इस लिस्ट में सर्वोच्च रैंकिंग वाले क्रिकेटर नहीं हैं। न्यूजीलैंड के युवा सनसनी रचिन रविंद्र 2023 में विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा सर्च किए गए क्रिकेटर हैं।
वहीं,एथलीटों में वह शुभमन से एक कदम ऊपर आठवें स्थान पर रहे। इस लिस्ट में सबसे ऊपर एनएफएल स्टार डामर हैमलिन हैं, जो बफेलो बिल्स के लिए खेलते हैं। उनके बाद पेरिस सेंट-जर्मन और फ्रांस के स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे हैं, जबकि एक अन्य एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स नंबर तीन पर हैं। एनबीए स्टार जा मोरेंट चौथे स्थान पर हैं जबकि बायर्न म्यूनिख और इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन पांचवें स्थान पर रहे।

**अल्काराज और जोकोविच**



टेनिस में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने सातवें स्थान पर कब्जा किया। इसके बाद नए एटीपी नंबर एक स्पेन के कार्लोस अल्काराज हैं। डलास मेवरिक्स के लिए खेलने वाले बास्केटबॉल प्लेयर काइरी इरविंग 10वें नंबर पर हैं।

## भारी तंगी से जूझती स्पाइसजेट जुटाएगी 2,254 करोड़ रुपए



**मेट्रो बाजार**

**मुंबई, एजेंसी**

स्पाइसजेट कैश की तंगी से जूझ रहे हैं। इससे एयरलाइन के ऑपरशन भी प्रभावित हुए हैं। स्पाइसजेट के बोर्ड ने 2,254 करोड़ रुपए पूंजी जुटाने की मंजूरी दे दी। ये पूंजी वित्तीय संस्थानों और प्राइवेट इन्वेस्टर्स को शेयर और वारंट जारी कर जुटाई जाएगी। बजट कैरियर को वर्तमान में नकदी की तत्काल आवश्यकता है क्योंकि यह बकाया पेमेंट न करने पर कई कानूनी मामलों का सामना कर रहा है। प्रपोजल के अनुसार, स्पाइसजेट 13 करोड़ कन्वर्टिबल वारंट और 32.08 करोड़ फ्रेश इक्विटी शेयर 50 रुपए प्रति यूनिट पर जारी करेगी। प्रपोज्ड प्रिफरेंसियल इश्यू में एलारा इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड, एरीज अपॉर्चुनिटीज फंड, महापात्रा यूनिवर्सल लिमिटेड, नेक्सस ग्लोबल फंड, प्रभुदास लीलाधर और रेजोनेंस अपॉर्चुनिटीज फंड जैसे निवेशक होंगे। खबर के बाद स्पाइसजेट का शेयर करीब 4.18 फीसदी टूटकर 58.04 रुपए पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 55.30 रुपए का लो और 63.49 रुपए का हाई बनाया। बीते 5 दिनों में शेयर करीब 40 फीसदी चढ़ा है। स्पाइसजेट का मार्केट कैप 4,000 करोड़ रुपए है। अजय सिंह के नेतृत्व में प्रमोटरों के पास कंपनी में 56.5 फीसदी हिस्सेदारी है। इसमें से 37.9 फीसदी हिस्सेदारी गिरवी है। स्पाइसजेट के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण फंड रेज है और इसे स्पाइसजेट की वित्तीय स्थिति मजबूत करने, ऑपरेशनल क्षमताओं को बढ़ाने, बकाया को निपटाने के लिए किया जाएगा।



## रियलमी का सबसे पतला स्मार्टफोन 14 को लॉन्च होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स को अपनी टाटा स्टारबस और उसके अन्य वैरिएंट के लिए सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स का अप्रूवल सर्टिफिकेट मिल गया है। इसके साथ ही टाटा स्टारबस भारत की पहली सर्टिफाइड ग्रीन हाइड्रोजन फ्यूल सेल ईवी बस बन गई है। डायरेक्टर रेजी मथाई एक प्रोग्राम में टाटा मोटर्स के राजेंद्र पेटकर को सर्टिफिकेट सौंपा। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने अपने ट्विटर हैंडल पर इसकी जानकारी दी। टाटा मोटर्स की स्टार बस सभी नोटिफाइड प्रोविजन्स को फुलफिल करती है। टाटा स्टारबस ईवी एक 4/12 मीटर लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बस है, जो एसी और नॉन-एसी वैरिएंट में अवेलेबल है। बस स्पेशियस इंटीरियर और मॉडर्न फीचर्स से लैस है। इसमें सभी सीटों पर चार्जिंग पोर्ट, ऑन-द-गो कनेक्टिविटी के लिए वाई-फाई, इंटीरियर लाइटिंग और एलईडी हेडलैंप शामिल हैं।



### इंग्लैंड की टीम 4 विकेट से हारी

## वेस्टइंडीज को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त मिली

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

वेस्टइंडीज ने आंद्रे रसेल के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। ब्रिजटाउन में खेले गए तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया। इस तरह कैरेबियन टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। रसेल ने दो साल से अधिक समय के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए 3 विकेट लेने के साथ ही 14 गेंदों पर नाबाद 29 रन की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। टॉस जीत कर वेस्टइंडीज ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड ने सभी विकेट खोकर 171 रन बनाए। वहीं 172 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 11 बॉल शेष रहते हुए 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज के लिए आंद्रे रसेल और अल्जारी जोसेफ ने 3-3 विकेट लिए इंग्लैंड को फिल साल्ट व जोस बटलर ने के बीच पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी हुई।

### रोनाल्डो के गोल ने 5-0 से जीत दिलाई

## फुटबॉल: अल नासेर की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**रियाद, एजेंसी**

यूरोपियन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के लिए दो मैचों में चार गोल करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बार फिर रंग में दिखने लगे हैं। उन्होंने सऊदी अरब के क्लब अल नासेर के लिए दो गोल किए।

अब लीग के नौ मैचों में उनके गोलों की संख्या 11 हो गई है। रोनाल्डो और ब्राजीली स्ट्राइकर एंडरसन तालिस्का के दो-दो गोल की बदौलत अल नासेर ने अल अदालाह को 5-0 से पराजित किया। इस जीत के बावजूद अल नासेर 52 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वह 53 अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान पर चल रहे अल एतिहाद से एक अंक पीछे है। रोनाल्डो ने पहले हॉफ में ही पेनाल्टी के जरिए गोल किया। इसके बाद उन्होंने 66वें मिनट में बॉक्स के बाएं कोने से बाएं पैर से जोरदार किक लगाकर शानदार गोल कर अपने पुराने दिनों की याद दिलाई। रोनाल्डो का अल नासेर के साथ जनवरी, 2025 तक 179 करोड़ रुपये का करार हुआ है।

## साउथ अफ्रीका की भारत के खिलाफ 1-0 की बढ़त, सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर को जोहान्सबर्ग में होगा

**पोर्ट एलिजाबेथ, एजेंसी**

मेजबान साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 5 विकेट से जीत लिया है। केबेरा के सेंट जॉर्ज स्टेडियम में अफ्रीकी टीम को मैथड के तहत 15 ओवर में 152 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था, जिसे अफ्रीकी बैटर्स ने महज 13.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इससे पहले, टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 7 विकेट पर 180 रन बनाए। इस जीत से साउथ अफ्रीका ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम की ओर से कप्तान सूर्यकुमार यादव (56 रन) और रिंकू सिंह ने (68 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। सूर्या ने 17वां, जबकि रिंकू सिंह ने पहला अर्धशतक जमाया, लेकिन ये अर्धशतक टीम को जीत नहीं दिला सके। जवाबी पारी में रीजा हेंड्रिक्स (49 रन) ने मैथ्यू ब्रीट्जकी (16 रन) के साथ तेजी से रन बनाए। उसके बाद कप्तान ऐडन मार्करम ने 30 रन की अहम पारी खेली। फिर डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स ने टीम को जीत दिला दी। 15 ओवर में 152 रन का टारगेट चेज करने उतरे साउथ अफ्रीकी ओपनर्स ने विस्फोटक शुरुआत की। रीजा हेंड्रिक्स और मैथ्यू ब्रीट्जकी की जोड़ी ने 17 बॉल पर 42 रन की पार्टनरशिप की। यहां ब्रीट्जकी रनआउट हुए। इस विकेट के बाद भी टीम की रन रेट कम नहीं हुआ। टीम ने 4 ओवर में 56 रन बना लिए। 5 ओवर में पावरप्ले में मेजबान टीम का स्कोर 67/1 रहा। बारिश के कारण भारतीय पारी पूरी नहीं, 19.3 ओवर में 180 रन बने भारतीय टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 7 विकेट पर 180 रन बनाए, लेकिन बारिश के कारण भारतीय पारी पूरी नहीं हो सकी। टीम इंडिया की ओर से रिंकू सिंह ने 39 बॉल पर 68 रन की पारी खेली।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## अदिवि शेष को 'मेजर' से मिली जबरदस्त पॉपुलैरिटी

साउथ सुपरस्टार अदिवी शेष और श्रुति हासन की फिल्म की अनाउंसमेंट कर दी गई है। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म होगी जो पैन इंडिया रिलीज की जाएगी। अभी फिल्म के टाइटल को रिवील नहीं किया गया है। इस फिल्म के डायरेक्टर शेनिल देव होंगे। मेकर्स का कहना है- फिल्म के हर फ्रेम, डायलॉग और सीन को हिंदी के साथ-साथ तेलुगु में भी अलग-अलग शूट किया जा रहा है। फिलहाल मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी बातें छुपा कर रखी हुई हैं, जो वक्त आने पर रिवील की जाएंगी। अदिवि शेष ने 2022 में आई फिल्म 'मेजर' में दमदार परफॉर्मेंस दी थी। यह फिल्म मुंबई हमले 26/11 में शहीद हुए मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन पर आधारित थी। इसमें अदिवि शेष ने संदीप उन्नीकृष्णन का किरदार निभाया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी बहुत अच्छी कमाई की थी। यह फिल्म तेलुगु, हिंदी और मलयालम भाषा में रिलीज हुई थी। शूटिंग के दौरान अदिवि ने यह भी बताया था कि फिल्म में मेजर संदीप का रोल निभाते हुए उनके दिल में देश की सेना के प्रति और रिस्पेक्ट बढ़ गई थी। हैदराबाद में जन्मे अदिवि शेष की परवरिश कैलिफोर्निया में हुई है। अदिवि ने सैन फ्रांसिस्को स्टेट यूनिवर्सिटी से डायरेक्शन और एक्टिंग की पढ़ाई पूरी की। एक्टर ने मिस्टर इंडिया सैन फ्रांसिस्को का खिताब भी जीता है। हालांकि बचपन से ही इनका रुझान फिल्मों की तरफ था और इसलिए अपनी पढ़ाई पूरी करके ये वापस भारत आ गए थे। अदिवि ने 2010 में फिल्म कर्मा से बतौर एक्टर और डायरेक्टर अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी। इस फिल्म की स्क्रिप्ट भी अदिवि ने ही लिखी थी। ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली में भद्रा का किरदार निभाया था। यह एक नेगेटिव किरदार था। हालांकि रोल छोटा था, लेकिन फिल्म की कहानी के लिए अहम था। इसके अलावा अदिवि ने साल 2011 में आई फिल्म पंजा में भी नेगेटिव किरदार निभाया था, जिसके लिए उनकी जमकर तारीफें हुई थीं। श्रुति हासन 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली फिल्म 'सालार पार्ट 1- सीजफायर' में नजर आएंगी।



## 'रब ने बना दी जोड़ी' के लिए अनुष्का शर्मा की तस्वीर देखते ही करण ने रिजेक्ट कर दिया था



फिल्म रब ने बना दी जोड़ी की रिलीज को हुए 15 साल हो गए। फिल्म में शाहरुख खान और अनुष्का शर्मा ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म के लिए डायरेक्टर आदित्य चोपड़ा नए चेहरे की तलाश में थे। इस वजह से उन्होंने अनुष्का को कास्ट किया था। हालांकि आदित्य के दोस्त और फिल्ममेकर करण जौहर उनके इस फैसले के खिलाफ थे। अनुष्का की तस्वीर देखते ही करण ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था। उनके इस फैसले के बाद भी आदित्य अनुष्का के ही फेवर में थे। हालांकि फिल्म बैंड बाजा बारात को देखने के बाद करण को अपनी गलती का एहसास हुआ था। उन्होंने अनुष्का से माफी भी मांगी थी। फिल्म रब ने बना दी जोड़ी ने प्रोडक्शन हाउस वायआरएफ को नुकसान से उबरने में मदद की थी। दरअसल, 2007 और 2008 में इस प्रोडक्शन की बनी सिर्फ फिल्म चक दे इंडिया ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। बाकी सभी फिल्में फ्लॉप रही थीं। फिल्म में अनुष्का ने शाहरुख की पत्नी का रोल प्ले किया था। 2007 में चेयरपर्सन आदित्य चोपड़ा को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। 2006 में फिल्म फना और धूम 2 की सफलता के बाद फिल्म ता रा रम पम, झूम बराबर झूम और लागा चुनरी में दाग जैसी फिल्मों के फ्लॉप हो जाने के बाद ज्ञ्त्रऋ को लगातार नुकसान हो रहा था। इस दौरान 2007 में रिलीज हुई शाहरुख खान की फिल्म चक दे इंडिया ने ही सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल की थी। प्रोडक्शन हाउस की ये बदकिस्मती 2008 तक जारी रही। सभी फिल्में फ्लॉप रहीं। करीना कपूर स्टारर फिल्म टशन भी फ्लॉप, जो करीना के जीरो फिगर की वजह में बज में थी। इस दौरान रिलीज हुई फिल्में थोड़ा प्यार, थोड़ा मैजिक और रोड साइड रोमियो भी बॉक्स ऑफिस पर फेल रहीं। हालांकि फिल्म बचना ए हसीनों की कमाई ने थोड़ी राहत थी पर उससे भी पिछले 2 साल की प्रोडक्शन हाउस के नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकी।

## तृप्ति डिमरी ने कहा- मैं रणबीर की फैन हूं



*एनिमल ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। इस फिल्म में तृप्ति डिमरी का भी जबरदस्त कैमियो था। फिल्म में अपने किरदार 'जोया' के लिए तृप्ति को खूब तारीफें मिल रही हैं। बता दें, तृप्ति का हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में तृप्ति रणबीर कपूर को घूरती (लगातार देखती) नजर आ रही हैं। इस वीडियो से तृप्ति को ट्रोल भी किया गया। लोगों का कहना था कि रणबीर कपूर को सामने देख तृप्ति को उनसे नजरें हटाने में कठिनाई हो रही थी। एक इंटरव्यू के दौरान तृप्ति ने रणबीर को घूरने की असल वजह बताई है। तृप्ति ने कहा- हम लोग स्क्रीनिंग पर थे। वहां फिल्म की पूरी कास्ट मौजूद थी। रणबीर कपूर उस दौरान मेरे सामने खड़े थे और किसी से बात कर रहे थे। अगर आपके भी सामने कोई किसी से बात करेगा, तो आप भी देखेंगे ना? तृप्ति ने आगे बताया कि यह वीडियो देखने के बाद उनके पिता ने उन्हें बुलाया और पूछा कि क्या वे (तृप्ति) नर्वस थीं? तृप्ति ने इस सवाल पर हामी भरी। उन्होंने अपने पिता से पूछा कि उनको कैसे पता चला कि वे नर्वस थीं। इस पर उनके पिता ने बताया कि वे अपने हाथ भी रगड़ती नजर आ रही थीं। तृप्ति जब भी नर्वस होती हैं, अपने हाथों को रब (रगड़ने) करने लगती हैं। इंटरव्यू के दौरान तृप्ति ने रणबीर के साथ काम करने का अपना एक्सपीरियंस भी शेयर किया। उन्होंने कहा- मुझे हमेशा से उनका काम बहुत पसंद है। मैं उनकी फैन हूं। रणबीर अपनी परफॉर्मेंस के प्रति बहुत ईमानदार हैं। उनकी सभी फिल्में बहुत अच्छी होती हैं। यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं भी एक एक्टर के रूप में अपनाना चाहती हूं कि आप जो भी करें, वो बेस्ट करें। एनिमल एक्ट्रेस तृप्ति हॉट टॉपिक बनीं हुई हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर लगातार यूजर्स का अटेंशन पा रही हैं। फिल्म में जोया के किरदार में उन्होंने शानदार एक्टिंग की। दर्शकों को तृप्ति डिमरी इतनी पसंद आ रही रही हैं कि एक फिल्म ने उन्हें नई नेशनल क्रश बना दिया है। साल 2023 एक्ट्रेस के लिए बेहद लकी साबित हो रहा है। एनिमल थिएटर्स में सफलता के झंडे गाड़ रही है। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है। एनिमल की सक्सेस ने इसकी स्टारकास्ट को भी रातों-रात स्टार बना दिया है। इनमें सबसे ज्यादा लाइमलाइट तृप्ति डिमरी को मिल रही है। एनिमल में तृप्ति डिमरी ने जोया का किरदार निभाया है। एक्ट्रेस ने रणबीर कपूर के अपोजिट सेकेंड फीमेल लीड है।*

# प्रॉपर्टी डीलर के घर से लाखों की चोरी

**भोपाल।** कोहेफिजा में रहने वाले एक प्रापर्टी डीलर के घर से चोर सोने और हीरे के लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। वारदात पिछले महीने की 25 नवंबर के बाद की होना बताई गई है। कई दिनों तक तलाश करने के बाद भी जब जेवरातों का कुछ पता नहीं चला तो डीलर ने थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस के मुताबिक अली खान (30) वीआईपी रोड कोहेफिजा में रहते हैं और प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं। पिछले महीने उनकी पत्नी सारा खान सोने और हीरे के जेवरात पहनकर अपनी चचेरी बहन की शादी में गई थी, जहां से देर रात पूरा परिवार वापस लौट आया था। पत्नी ने अपने जेवरात उतारकर घर की अलमारी में रख दिए थे। दो दिन बाद उनकी बच्ची की तबीयत खराब हो गई तो उसके इलाज में व्यस्त हो गए। 29 नवंबर को उन्हें एक दोस्त की शादी में जाना था, लेकिन अलमारी में जेवरात नहीं मिले। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घरवालों ने जेवरातों को अपने स्तर पर तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिले। बाद में उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बदमाश उनके घुले मकान से एक हार सेट, एक ब्रेसलेट, एक टीका, तीन डायमन्ड की अंगूठी चोरी कर ले गये थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**इधर** ऐशबाग में रहने वाले एक दवा व्यवसायी के खुले कमरे से चोर एप्पल कंपनी की स्मार्ट वॉच, एप्पल का मोबाइल और एक वन प्लस कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत 98 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक पद्मनाभ नगर ऐशबाग में रहे वाले मयंक अग्रवाल दवा व्यवसायी हैं। हनुमानगंज में उनकी दवाई की होलसेल दुकान है। सोमवार सुबह करीब 6 बजे मयंक अप्सरा टाकीज के पास से चाय पीकर कमरे पर पहुंचे। उन्होंने अपना एप्पल और वन प्लस कंपनी का मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाया और एप्पल कंपनी की स्मार्ट वॉच उतारकर रखने के बाद सो गए। सुबह करीब ग्यारह बजे नींद खुली तो कमरे में रखी उनकी घ?ी और चार्गिंग में लगे दोनों मोबाइल फोन गायब थे। काफी तलाश करने के बाद भी जब सामान का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित एलआईजी लहारपुर में मंगलवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। अनुमान है कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था और तीस साल की उम्र में भी उसका कहीं चयन नहीं हो सका था।

एएसआई शिवबाबू त्रिपाठी ने बताया कि राहुल वासनिक पिता धनराज वासनिक (30) एलआईजी 1/112, लहारपुर कटारा हिल्स में रहता था। उसके पित प्राइवेट काम करते थे और अब रिटायर्ड हो चुके हैं। परिवार में मां भाई भाभी और राहुल रहता था। राहुल की शादी नहीं हुई थी और वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। मां ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे राहुल ने उनके साथ खाना खाया था। इसके बाद करीब साढ़े 11 बजे वह अपने कमरे में चला गया। मां बाहर धूप में बैठी हुई थी। करीब तीस मिनट बाद मां की नजर राहुल पर पड़ी तो वह फांसी लगा चुका था।

## एक सप्ताह पहले एसआई दंपति के घर लाखों की चोरी का नहीं हुआ खुलासा

# पुलिस रेडियो कॉलोनी चोरों के निशाने पर, 2 घंटे में एएसआई के घर से हजारों का सामान उड़ाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राजधानी के कमला नगर स्थित पुलिस रेडियो कालोनी इन दिनों चोरों के निशाने पर है। सोमवार की शाम को 2 घंटे के भीतर बदमाश एक एएसआई के घर से गैस सिलेंडर और बर्तन समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। वारदात के समय एएसआई परिवार के साथ बाजार गए थे। एक सप्ताह पहले इसी कालोनी में रहने वाले एसआई दंपति के घर से चोर दिनदहाड़े लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गए थे, लेकिन आज तक बदमाशों का खुलासा नहीं हो पाया है। रेडियो कालोनी के आसपास पुलिस विभाग के कई मुख्यालय हैं, जहां सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी दिनभर मौजूद रहते हैं, बावजूद इसके बदमाश लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।**



पुलिस के मुताबिक उमेश मिश्रा (55) पुलिस विभाग में एएसआई हैं और पुलिस रेडियो कालोनी में परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार की शाम करीब 7 बजे वह घरवालों के साथ सामान खरीदने के लिए मार्केट चले गए थे। रात करीब 9 बजे वापस लौटे।

ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो पीछे वाले कमरे का पूरा सामान बिखरा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो पता चला कि बदमाशों ने पीछे वाले गार्डन का ताला तो?कर भीतर प्रवेश किया था। सामान चैक करने पर घर में रखा गैस सिलेंडर, लोहे की तीन क?ाई, ताबे के लोटे, पीतल की परात, मिट्टी कूटने वाला झुरमुठ, पत्नी का बैग, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, चादर, गार्डन के चैंबर में रखा लोहे का ढक्कन समेत अन्य सामान गायब था। पुलिस ने उमेश की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### एसआई दंपति के घर हुई वारदात का खुलासा नहीं

इसी कालोनी में रहने वाले आकाश भदौरिया और उनकी पत्नी पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर हैं और पुलिस मुख्यालय में पदस्थ हैं। पिछले सप्ताह आकाश अपनी ड्यूटी पर थे, जबकि पत्नी गांव गई हुई हैं। इसी बीच बदमाशों ने दिनदहा? खि?की तो?कर भीतर प्रवेश किया और सोने-चांदी के जेवरात समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। इसके पहले भी इस कालोनी में चोरी और नकबजनी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस एक भी वारदात का खुलासा नहीं कर पाई है।

**खजूरी, मिसरोद और अयोध्या नगर में हो चुकी है तीन वारदात**

# स्टेज से गिफ्ट और लिफाफे चुराने वाला गिरोह सक्रिय पंद्रह दिन में तीन वारदात, एक का भी खुलासा नहीं

**भोपाल।** राजधानी में शादी की सीजन शुरू होते ही बच्चों से स्टेज पर चोरी कराने वाला गिरोह सक्रिय हो जाता है। गिरोह ने इस बार शादी के सीजन में महज पंद्रह दिन में तीन बड़ी वारदातों को अंजाम देते हुए लाखों रुपए की नगदी और जेवरात चुरा लिए, लेकिन पुलिस उनका सुराग नहीं लगा सकी है। जबकि पुलिस को वारदात के सीसीटीवी फुटेज भी मिल चुके हैं।

पुलिस की दलील है कि वारदात करने वाला गिरोह भोपाल के आसपास जिलों से आकर वारदात को अंजाम देकर निकल जाता है। उनकी पहचान करने में परेशानी होती है। उल्लेखनीय है कि बैराग? निवासी महेश प्रेमचंदानी इंजीनियर हैं। उनके बेट हिमांशु की रविवार को शादी थी। समारोह का आयोजन खजूरी स?क थानांतर्गत भौंरी स्थित प्ले होटल में किया गया था। देर रात वर-वधु स्टेज पर फोटो निकलवा रहे थे, तभी स्टेज के पीछे रखा गिफ्ट लिफाफों से भरा बैग किसी ने चोरी कर लिया। बैग में कितने लिफाफे और उनमें कितनी धनराशि थी, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, लेकिन कोई व्यक्ति बैग उठाते हुए नहीं दिखाई दिया। अब पुलिस शादी में खींचे गए फोटो और वीडियोग्राफी देखकर आरोपी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### मिसरोद में कैद हुआ था नाबालिग

इधर मिसरोद में हुई घटना में एक नाबालिग बैग उठाते हुए कैमरे में कैद हुआ था। जानकारी के अनुसार औबेदुल्लागंज निवासी रवींद्र विजयवर्गीय के बेटे की रविवार को शादी थी। कार्यक्रम का आयोजन मिसरोद स्थित गौरी ग्रीन गार्डन में किया गया था। रात करीब सा? नौ बजे वर-वधू स्टेज पर फोटों खिंचवा रहे थे। इसी बीच रवींद्र की पत्नी गिफ्ट लिफाफों वाला बैग कुर्सी पर रखकर फोटो निकलवाने लगी। कुछ देर बाद देखा तो उनका बैग गायब हो चुका था। घटना की जानकारी गार्डन के मैनेजर को दी गई। मैनेजर ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो एक नाबालिग ल?का स्टेज से बैग उठाकर ले जाते हुए दिखाई दिया। बाद में रवींद्र ने थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज करवाया।

### अयोध्या नगर में हुई वारदात का खुलासा नहीं

अयोध्या नगर स्थित एक शादी समारोह से बैग चोरी करने वालों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार बीती 28 नवंबर को मिनाल गेट के पास स्थित एक शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने स्टेज पर रखा गिफ्ट लिफाफों से भरा बैग चोरी कर लिया। पुलिस ने इस मामले में नीरज जैन की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया था। चोरी गए बैग में कितनी धनराशि थी, इसका खुलासा नहीं हुआ था।

## घर से लापता हुए युवक का 6 दिन बाद कुएं से बरामद हुआ शव

**भोपाल।** गांधी नगर पुलिस ने मंगलवार को कुएं से एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक करीब 6 दिन पहले घर से बगैर बताए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी, जिसके बाद से पुलिस और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक शेख रहीम (24) सेक्टर-3 नई बस्ती गांधी नगर में रहता था। बीती 6 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे वह घर से बगैर बताए लापता हो गया था। दो दिनों तक तलाश करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने 8 दिसंबर के देर रात थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लगातार की जा रही तलाश के बावजूद शेख रहीम का कुछ पता नहीं चल पा रहा था। मंगलवार सुबह ग्राम कुराना निवासी एक किसान शांति नगर स्थित खदान के पास स्थित अपने खेत पर पहुंचा तो उसे तेज दुर्गंध आई। उसने पास के कुएं में जाकर देखा तो अंदर एक व्यक्ति का शव पड़ा नजर आया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तो उसकी पहचान शेख रहीम के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कंटेनर से कुचलकर स्कूटर सवार 13 साल के बालक की मौत, बालिका व दो महिलाएं घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खजूरी सड़क इलाके में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से स्कूटर सवार 13 साल के एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में सात साल की एक बालिका और दो अन्य महिलाएं घायल हुई हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। टक्कर मारने वाले कंटेनर को जब्त कर लिया गया है।



पुलिस के मुताबिक असलम उर्फ यूसुफ पुत्र यासीन खान (13) अब्बास नगर थाना गांधी नगर में रहता था। मंगलवार सुबह वह शकीना बी (54), याशमीन (35) और मायरा (7) के साथ खजूरी स?क स्थित एक फार्म हाउस पर जा रहा था। सभी लोग यहां मजदूरी करते हैं। बताया जाता है कि स्कूटर याशमीन चला रही थी। सुबह करीब सा? दस बजे ग्राम बरखे?ा बोंदर स्थित कट पाइंट पर उन्होंने अपनी स्कूटर को मो?ने का प्रयास किया, तभी गुजरात से इंदौर होकर भोपाल की तरफ जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में असलम की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अन्य तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सुबह चाय देने के लिए बहू पहुंची तो हुआ खुलासा

# ऐशबाग में 76 साल के रिटायर्ड बुजुर्ग की आग से जलकर मौत, बिस्तर पर पड़ा मिला शव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग इलाके में 76 साल के एक रिटायर्ड बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सोमवार की रात वह परिवार के साथ भोजन करने के बाद अपने बिस्तर पर सोने के लिए चले गए थे। मंगलवार सुबह बहू चाय लेकर पहुंची तो बुजुर्ग की जलने से मौत हो चुकी थी। उनके बिस्तर पर आग कैसे लगी, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही घटनाक्रम का पता चल पाएगा।

एसआई गयाप्रसाद ने बताया कि सुरेंद्र कुमार जैन (76) शासकीय सेवा में थे और उच्च श्रेणी लिपिक के पद से रिटायर हुए थे। वह अपनी ब?ी बहू और पोते के साथ पुष्पा नगर ऐशबाग में रहते थे, जबकि बेटा रांची में प्रायवेट काम करता है। छोटा बेटा अपने परिवार के साथ गंजाबासौदा में रहता है और डेयरी चलाता है। सोमवार रात करीब सा? ग्यारह बजे खाना खाने और टीवी देखने के बाद सुरेंद्र कुमार अपने कमरे में सोने के लिए चले गए थे। मंगलवार सुबह करीब साढें सात बजे बहू चाय लेकर उनके कमरे में पहुंची तो उसकी चीख निकल गई। आग लगने से सुरेंद्र का बिस्तर जल गया था और कप? शरीर में चिपक गए थे। आग से जलने के कारण उनकी मौत हो चुकी थी। बहू की चीख सुनकर आसपास के लोग दौ? और सुलगती हुई आग को पानी डालकर बुझाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। सुरेंद्र के बिस्तर पर आग कब और कैसे लगी, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही आग लगने के कारणों का पता चल पाएगा।

**मेट्रो एंकर** घटना के बाद ट्रेन से टकराकर हो चुकी है पति की मौत

# पत्नी के सिर पर लोहे के पाइप से हमला करने वाले पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गौतम नगर पुलिस ने एक महीने पहले हुई एक महिला की मौत के मामले में जांच के बाद उसके पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। जांच के दौरान पता चला कि पति ने पत्नी के सिर पर लोहे के पाइप से हमला किया था, जिससे उसकी मौत हुई थी। हालांकि हमला करने के बाद घर से निकले पति की भी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई थी। पति ने खुदकुशी की थी अथवा भागते समय वह ट्रेन की चपेट में आया था, इसकी जांच चल रही है।



फाइल फोटो

पुलिस के मुताबिक रामस्वरूप अहिरवार (32) फिजा कालोनी गौतम नगर में रहता था और सब्जी का ठेला लगाता था। पिछले महीने 12 नवंबर को दीपावली के दिन घर पर दीवाली की तैयारी चल रही थी। मां बाहर लिपाई-पुताई में लगी थी, जबकि बहन अपने काम में जुटी थी। दोपहर को रामस्वरूप का अपनी पत्नी राजकुमारी (29) के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस पर रामस्वरूप ने गुस्से में आकर पत्नी के सिर पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। झग? की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे घरवालों ने आवाज लगाई तो कुछ देर बाद रामस्वरूप ने दरवाजा खोला। उसने परिजनों को बताया कि राजुकमारी को पाइप मार दिया है। उसके बाद वह घर से भाग निकला। घरवाले राजकुमारी को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसने दम तो? दिया था। इधर, घर से निकलने के बाद रामस्वरूप नारियलखे?ा इलाके में ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे, तभी देर शाम उसका शव पटरी के किनारे बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत सिर में चोट लगने के कारण होना बताई गई थी, जिसके कारण पुलिस ने पति रामस्वरूप के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022